# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं0:– 0141–2740837,, **फैक्स** 0141–2742309, **ई–मेल**:– jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक :– एफ.4(ई)(आर–705/2013)/अलेसे–III/ 262 दिनांक :– 14/02/23

### कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 50/2017–18 दिनांक 30.06.2017 के द्वारा श्री राम कुमार शर्मा (मेरिट नं. 705 बैच 2013 लिंक नं. 12688) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय प्रभारी, भौतिक सत्यापन दल, निरीक्षण विभाग राजस्थान, मुख्यालय जोधपुर में पदस्थापित किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री राम कुमार शर्मा द्वारा दिनांक 05.07.2017 को मध्यान्ह् पूर्व कार्यग्रहण किया गया। पदोन्नति होने पर श्री शर्मा वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर कार्यरत हैं।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचेरा, नागौर ने अपने पत्रांक 73 दिनांक 08.02.2023 के साथ अग्रेषित श्री राम कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के प्रार्थना–पत्र के अनुसार श्री शर्मा ने राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (एबीएसटी) परीक्षा–2020 में चयन उपरांत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 07.02.2023 द्वारा इनका पदस्थापन राजकीय महाविद्यालय, मेड़ता सिटी जिला नागौर में सहायक आचार्य (एबीएसटी) के पद पर होने पर उक्त पद **(सहायक आचार्य (एबीएसटी)** पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के वर्तमान धारित पद से कार्यमुक्त करने हेतु अनुरोध किया है।

अतः श्री राम कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को उनके प्रार्थना–पत्र के आधार पर वर्तमान धारित सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद से कार्यमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। श्री राम कुमार शर्मा अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही अपने नवीन पद पर कार्यग्रहण कर सकेगें। इनका सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर लियन रहेगा।

श्री राम कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित/प्रस्तावित नहीं हैं।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव
दिनांक :– 14/02/23

क्रमांक :– एफ.4(ई)(आर–705/2013)/अलेसे–III/ 262

<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –</u>

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचेरा, नागौर।
3. कोषाधिकारी, नागौर।
4. निजी सचिव, निदेशक।
5. श्री राम कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचेरा, नागौर।
6. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
7. पदस्थापन सीट/निजि/रक्षित पत्रावली।

(के. जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)